# सेवानिवृत्त दो गैर शिक्षक कर्मचारियों को कुलसचिव ने सराहना पत्र भेंट कर किया सम्मानित

गोहाना, 30 अप्रैल (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आज दो गैर शिक्षक कर्मचारी एक साथ विश्वविद्यालय सेवा निवृत्त हो गए महिला विश्वविद्यालय के महिला पॉलिटेक्निक के फार्मेसी विभाग में लैब अटेंडेंट के पद पर कार्यरत लाजवंती 35 वर्षों से अधिक की सेवा तथा इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग में लैब अटेंडेंट के पद पर कार्यरत निर्मला 39 वर्षों की सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त हो गई । कुलपति कार्यालय स्थित कांफ्रेंस कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में प्रो शिवालिक यादव ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के कार्यकाल की सराहना की और उन्हें सुखद एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। कुलसचिव ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को सराहना पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज, प्रोफेसर अमृता शर्मा, प्रिंसिपल पॉलिटेक्निक किरण जिंदल एवं सहायक कुलसचिव कुलदीप सिंहभी मौजूद रहे। इस अवसर पर दोनों कर्मचारियों ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए तथा विवि प्रशासन का आभार जताया। इस अवसर पर उनके परिजन भी उपस्थित रहे।



गोहाना : सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सराहना पत्र भेंट करते हुए कुलसचिव एवं अन्य।

# बीपीएस विश्वविद्यालय में नाउ यू आर लीडर कार्यक्रम के अंतर्गत चयन प्रतियोगिता का आयोजन

गोहाना, 30 अप्रैल (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा पार्लियामेंट्री रिसर्च एड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट फॉर डेमोक्रेसी, लोक सभा सचिवालय के सहयोग से नाउ यू आर लीडर कार्यक्रम के अंतर्गत एक चयन प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र गतिविधि केंद्र में किया, जिसमें विवि के विभिन्न विभागों की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मिस. रूपल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजक सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ कृतिका दहिया ने बताया कि प्रतिभागियों ने गुरु देव रवींद्रनाथ ठाकुर की कविताओं तथा गद्य रचनाओं का सस्वर पाठ किया एवं उनके जीवन एवं योगदान पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। मूल्यांकन के लिए डॉ. सरला, डॉ. अलका भारती व प्रोफेसर गीता फोगाट ने निर्णायक की भूमिका निभाई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एजुकेशन विभाग की छात्रा अंकिता तथा दूसरा स्थान विधि विभाग की छात्रा शैलजा ने हासिल किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह ने गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला। पंजीकरण समिति में डॉ. लूसी सक्रिय रहीं।



गोहाना : विजेता छात्राओं के साथ संयोजक मंडल।

पंजाब केसरी
THU,01 MAY 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# बी.पी.एस. के 2 गैर शिक्षक कर्मचारी एक साथ सेवानिवृत्त

गोहाना, 30 अप्रैल (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में बुधवार को 2 गैर शिक्षक कर्मचारी एक साथ विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त हो गए। महिला पॉलिटैक्निक के फार्मेसी विभाग में लैब अटैंडैंट के पद पर कार्यरत लाजवंती 35 वर्ष तथा इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग में लैब अटैंडैंट कार्यरत निर्मला 39 वर्ष की सेवा की।

बी.सी. कार्यालय स्थित कांफ्रैंस कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम प्रो. संकेत विज, प्रो. अमृता शर्मा, किरण जिंदल, कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी
THU,01 MAY 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# भाषण प्रतियोगिता में अंकिता प्रथम, शैलजा द्वितीय

गोहाना, 30 अप्रैल (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा पार्लियामैंट्री रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट फॉर डैमोक्रेसी, लोक सभा सचिवालय के सहयोग से "नाऊ यू आर लीडर" कार्यक्रम के अंतर्गत एक चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. कृतिका दहिया ने बताया कि प्रतिभागियों ने गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की कविताओं तथा गद्य रचनाओं का सस्वर पाठ किया एवं उनके जीवन एवं योगदान पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। डॉ. दहिया ने बताया कि डॉ. सरला, डॉ. अलका भारती व प्रो. गीता फोगाट ने निर्णायक की भूमिका निभाई।


कार्यक्रम की प्रतिभागी महिला विश्वविद्यालय की छात्राएं। (अरोड़ा)

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एजुकेशन विभाग की छात्रा अंकिता तथा दूसरा स्थान विधि विभाग की छात्रा शैलजा ने हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन रूपल द्वारा किया गया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, पंजीकरण समिति की डॉ. लूसी आदि मौजूद रहीं।

# भाषण प्रतियोगिता में अंकिता प्रथम, शैलजा द्वितीय



गोहाना मुद्रिका, 30 अप्रैल : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा पार्लियामेंट्री रिसर्च एड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट फॉर डेमोक्रेसी, लोक सभा सचिवालय के सहयोग से "नाउ यू आर लीडर" कार्यक्रम के अंतर्गत एक चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ कृतिका दहिया ने बताया कि प्रतिभागियों ने गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की कविताओं तथा गद्य रचनाओं का सस्वर पाठ किया एवं उनके जीवन एवं योगदान पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। डॉ दहिया ने बताया कि डॉ सरला, डॉ अलका भारती व प्रो. गीता फोगाट ने निर्णायक की भूमिका निभाई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एजुकेशन विभाग की छात्रा अंकिता तथा दसरा स्थान विधि विभाग की छात्रा शैलजा ने हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन रूपल द्वारा किया गया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, पंजीकरण समिति की डॉ. लूसी आदि मौजूद रहीं

# भाषण में अंकिता अव्वल, शैलजा दूसरे नंबर पर



**खानपुर कलां में प्राध्यापिकाओं के साथ मौजूद विजेता व छात्राएं।** स्रोत : विवि

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. कृतिका दहिया ने बताया कि प्रतिभागियों ने गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की कविताओं व गद्य रचनाओं का सस्वर पाठ किया। उनके जीवन व योगदान पर भाषण प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग की अंकिता ने पहला, विधि विभाग की शैलजा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सरला, डॉ. अलका भारती व प्रो. गीता फोगाट ने निभाई। कार्यक्रम में प्रो. श्वेता सिंह आदि रहे। संवाद

# भाषण प्रतियोगिता में अंकिता रही प्रथम



गोहाना | बीपीएस महिला विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा पार्लियामेंट्री रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट फॉर डेमोक्रेसी, लोक सभा सचिवालय के सहयोग से नाउ-यू-आर लीडर कार्यक्रम के अंतर्गत एक चयन प्रतियोगिता कराई गई। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में अंकिता प्रथम व शैलजा द्वितीय रहीं। सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. कृतिका दहिया के अनुसार प्रतिभागियों ने गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की कविताओं तथा गद्य रचनाओं का सस्वर पाठ किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए रवींद्रनाथ ठाकुर के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ. सरला, डॉ. अलका भारती, प्रो. गीता फोगाट, रूपल, डॉ. लूसी आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों को भेंट किए सराहना पत्र



गोहाना | बीपीएस महिला विवि में बुधवार को महिला पॉलिटेक्निक के फार्मेसी विभाग से लैब अटेंडेंट लाजवंती 35 साल और इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग में लैब अटेंडेंट निर्मला 39 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुईं। कुलपति कार्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने उनको सराहना पत्र दिए।



गोहाना। विजेता छात्राएं अपने गुरुजनों के साथ। फोटो : हरिभूमि

# अंकिता प्रथम, शैलजा द्वितीय

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा पार्लियामेंट्री रिसर्च एड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट फार डेमोक्रेसी के सहयोग से नाउ यू आर लीडर कार्यक्रम के अंतर्गत चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र गतिविधि केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजक सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. कृतिका दहिया ने बताया कि प्रतिभागियों ने गुरु देव रवींद्रनाथ ठाकुर की कविताओं और गद्य रचनाओं का सस्वर पाठ किया एवं उनके जीवन व योगदान पर भाषण प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एजुकेशन विभाग की छात्रा अंकिता और दूसरा स्थान विधि विभाग की छात्रा शैलजा ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. सरला, डॉ. अलका भारती व प्रो. गीता फोगाट रही।

# भाषण प्रतियोगिता में अंकिता व शैलजा द्वितीय



विजेता एवं उप विजेता छात्राएं प्राध्यापकों के साथ में • सौ. प्रवक्ता

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा पार्लियामेंट्री रिसर्च एड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट फार डेमोक्रसी के सहयोग से नाउ यू आर लीडर कार्यक्रम के अंतर्गत चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र गतिविधि केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजक सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. कृतिका दहियां ने बताया कि प्रतिभागियों ने गुरु देव रवींद्रनाथ ठाकुर की कविताओं और गद्य रचनाओं का सस्वर पाठ किया एवं उनके जीवन व योगदान पर भाषण प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एजुकेशन विभाग की छात्रा अंकिता और दूसरा स्थान विधि विभाग की छात्रा शैलजा ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डा. सरला, डा. अलका भारती व प्रो. गीता फोगाट रही। इस मौके पर प्रो. श्वेता सिंह, रूपल, डा. लूसी रही।